अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 13 दिसंबर 2021
मार्गशीर्ष शुक्ल-दशमी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO : 07 BOTTOM

एसआरएमएस सीईटीआर में आईटी विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

बरेली। श्री राममूर्ति कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी एंड रिसर्च के सभागार में 'रिस्क मैनेजमेंट आन आईटी सिक्योरिटी फ्रेमवर्क' विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ। इसमें टेक्सास (अमेरिका) के डाटा सिक्योरिटी इंजीनियर और आईटी एक्सपर्ट एंड्रयू एडलुई गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल थे। उन्होंने साइबर अपराध और डाटा हैकिंग जैसे विषय पर विद्यार्थियों से विचार साझा किए। इस मौके पर सीईटीआर प्रिंसिपल इंचार्ज और एकेडमिक कोआर्डिनेटर डॉ. संजय कुमार, ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. अनुज कुमार, डीन एकेडमिक सीईटीआर अंकुर कुमार और नेहा शर्मा आदि मौजूद रहे।